## अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारी बैठक

**झुंझुनूं**, (निसं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 उत्साह के साथ मनाए जाने के संदर्भ में अग्रसेन भवन झुंझुनूं में अग्रवाल समाज समिति की सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। सभा की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला ने की।

गतसभा की कार्यवाही सचिव शिवचरण हलवाई ने प्रस्तुत की। सभा में अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 के संदर्भ में आवश्यक चर्चा कर निर्णय किया गया कि 30 सितंबर एवं एक अक्टूबर को महिला प्रतियोगिताएं एवं इन्हीं दो दिवस में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। दो अक्टूबर रात्रि को प्रश्न मंच कार्यक्रम एवं तीन अक्टूबर रात्रि मुख्य समारोह का आयोजन होगा। इससे पूर्व तीन अक्टूबर को सुबह महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली जाएगी। तीन अक्टूबर को मुख्य समारोह में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा। इसी के साथ कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ वृद्धजनों का सम्मान तथा तीन टॉपर समाज की सभा में भाग लेने वाले सदस्यों-पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा।

# बकाया भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहा सफाई कार्मिकों का धरना समाप्त



एक महीने से राजगढ़ नगर पालिका कार्यालय के सामने अस्थाई सफाई श्रमिकों का चल रहा धरना आश्वासन के बाद समाप्त हुआ।

- एक कार्मिक ने टंकी पर चढ़कर आत्महत्या करने की दी थी चेतावनी
- अनिश्चितकालीन धरना 30 दिनों से चल रहा था

**सादुलपुर**, (निसं)। लगभग एक महीने से राजगढ़ नगर पालिका कार्यालय के सामने अस्थाई सफाई श्रमिकों की मांगों को लेकर भीखाराम चांवरिया अस्थाई सफाई कर्मचारी समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में चल रहा धरना प्रशासन के साथ मांगों को लेकर सकारात्मक वार्ता होने पर शनिवार 31 अगस्त को समाप्त कर दिया गया है।

ज्ञात रहे कि अस्थाई सफाई कार्मिक महेन्द्र पुत्र बीरबलराम वाल्मीकि ने 30 अगस्त तक धरनार्थियों की मांगों पर सुनवाई नहीं करने पर किसी बडी टंकी या किसी बडे टॉवर पर चढकर आत्महत्या करने की चेतावनी दी थी, जिसके बाद प्रशासन ने हरकत में आकर धरनार्थियों की मांगों पर कार्यवाही शुरू की थी। सुरेश भाटिया ने बताया कि शनिवार को प्रशासन ने सभी मांगों को मानते हुए तुरन्त प्रभाव से अस्थाई सफाई कर्मचारी के बकाया भुगतान के लिए 20 लाख रुपए का चेक काटने को कहा तथा बाकी बकाया भुगतान बजट आने पर प्राथमिकता से श्रमिकों को देने के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया।

वहीं धरने स्थल पर सुशील सैनी एसडीएम राजगढ, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सुमेरसिंह श्योराण, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि एडिशनल एसपी नियाज मोहम्मद, बसपा लोकसभा प्रत्याशी देईराम मेघवाल, पवन मोहता व्यापार मंडल अध्यक्ष, भाजपा नेता महावीर पूनिया, सुरेश भाटिया, अशोक चांवरिया, संदीप चंवरिया, सुरेश चांवरिया, रवि भाटिया, करणा राम, पप्पू राम, किशन, मीरा देवी, बरजी देवी, बिमला देवी, सरोज देवी, वसुंधरा देवी, सपना देवी, बबिता देवी, बरखा देवी, मेवा देवी व माया देवी सहित अनेक अस्थाई सफाई कर्मचारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि अस्थाई सफाई कार्मिकों की मांग के अनुसार 6 माह का बकाया वेतन का भुगतान किया जाने, 350 रुपए प्रतिदिन वेतन किया जाने, सफाई कार्य के लिए जिन गैर बाल्मिकी समाज के कर्मचारियों को नियुक्ति मिली हुई है उनको मूल काम यानी सफाई के कार्य में लगाया जाने, सफाई कर्मचारियों की नई भर्ती में बाल्मीकि समाज के लोगों को प्राथमिकता दिए जाने के साथ-साथ अस्थाई सफाई कर्मचारियों को भी भर्ती के दौरान विशेष छूट दी जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया था।

## सार-समाचार

### किसान मोर्चा की बैठक आयोजित



**सादुलपुर**,(निसं)। किसान मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को किसान मोर्चा कार्यालय सादुलपुर में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष सहित अभियान के संयोजक सहसंयोजक उपस्थित हुए। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड एडवोकेट ने बताया कि भाजपा सदस्यता अभियान पूरे देश में एक सितंबर से चालू होगा। बैठक में जिला महामंत्री कृष्ण कुमार भाकर, अनुपाल सिंह भाटी, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, मुकेश निमीवाल, सह संयोजक अशोक चांगल, भैरुदान सैन, महेंद्र सैन, सुमेर सिंह, दीपक जांगिड, मनीष स्वामी, कपिल शर्मा व रितिक शर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। खीचड ने बताया कि भाजपा सदस्यता अभियान के लिए पार्टी द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी दी गई।

### खारड़िया जिला समन्वयक नियुक्त

**चूरू**, (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय लोहिया महाविद्यालय चूरू के लेखा व सांख्यकी विभाग में कार्यरत सह आचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार खारड़िया को राष्ट्रीय सेवा योजना का चूरू जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। डॉ. महेन्द्र खारड़िया जिले के समस्त राजकीय व गैर राजकीय महाविद्यालयों में चल रही राष्ट्रीय सेवा इकाइयों के प्रभारी अधिकारियों व प्राचार्यों के सम्पर्क में रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य श्रेष्ठतापूर्वक सम्पन्न हों। डॉ. खारड़िया के राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक बनने पर जिले के महाविद्यालयों के प्राचार्यों व प्रभरी अधिकारियों ने बधाई दी है और आशा प्रकट की है कि उनके कार्यकाल में राष्ट्रीय सेवा योजना सुचारू रूप से कार्य करेगी और अपने समस्त लक्ष्य प्राप्त करेगी। डॉ. खारड़िया का कार्यालय लोहिया महाविद्यालयए चूरू में रहेगा। डॉ. खारड़िया मूल रूप से रतनगढ़ तहसील के जालेऊ ग्राम के निवासी हैं और उनकी शिक्षा-दीक्षा जालेऊ, रतनगढ़ व चूरू केन्द्रों पर सम्पन्न हुई है। डॉ. खारड़िया का पीएचडी शोधकार्य राजस्थान रोड़वेज पर किया हुआ है, जिसकी अर्थशास्त्रियों में सदैव चर्चा रहती है।

### उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित

**चूरू**, (कासं.)। ग्रामोत्थान विद्यापीठ दूधवाखारा में स्वालंबन भारत अभियान कार्यक्रम के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के जयपुर प्रांत युवा कार्य प्रमुख मोहित कुमार सैनी ने स्वालंबन, उद्यमिता एवं स्वरोजगार विषय पर प्रकाश डाला। जिला संयोजक विक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि देश में बेरोजगारी की समस्या का मुख्य समाधान उद्यमिता का विकास और नौकरियों के प्रति विचारधारा परिवर्तन है। कार्यक्रम में संगठन के जिला प्रचार प्रमुख पवन कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यालय परिवार के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सफल उद्यमी किशन लाल शर्मा ने उद्यमिता के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

### अंग्रेजी लघु भाषण प्रतियोगिता हुई

**सादुलपुर**, (निसं)। आइडियल पब्लिक स्कूल राजगढ में शनिवार को अंग्रेजी लघु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ आइडियल ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन डॉक्टर अनिल सांगवान ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसी दौरान प्रतियोगिता का विषय था 'राष्ट्रीय खेल दिवस' जिसमें विद्यालय के चार हाउस आजाद, भगत, बॉस एवं शास्त्री के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक विद्यार्थी को सात मिनट का समय दिया गया था, जिसमें कक्षा 10वीं के नकुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक रविद्र श्योराण ने इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किए। उप प्रधानाचार्य विकेश राणा ने बताया कि बच्चों की वाकू कौशल के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं का होना अति आवश्यक है। प्रधानाचार्या अनिता सिहाग ने समस्त विद्यालय स्टाफ का आभार जताया। निर्णायकगण विरेन्द्र पूनिया, नत्थूराम तथा कमल सैनी थे। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष मनोज बेडवाल, मंदीप श्योराण व उत्तमराव आदि उपस्थित थे।

### दानदाताओं का अभिनंदन किया

**रतनगढ़**, (निसं)। समाजसेवी संस्था हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने शनिवार को तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लधासर में एक अलमारी भेंट की। समिति अध्यक्ष समाजसेवी सीताराम शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी कृष्णा देवी के जन्मदिन पर स्कूल में अलमारी और बच्चों को चॉकलेट वितरित की। प्रधानाचार्य अंजु पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मंचस्थ मुख्य अतिथि सीताराम शर्मा, कृष्णा देवी, समाजसेवी महेंद्र सिंह लधासर और दानदाता प्रेरक शिक्षक राकेश गहलोत का विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। कार्यक्रम में दानदाता सीताराम शर्मा का अलमारी भेंट करने तथा महेंद्र सिंह का विद्यालय में ट्यूब वैल बनाने पर शाला परिवार द्वारा माल्यार्पण, शॉल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि शर्मा ने समिति के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को विकास की धुरी बताया।

## बकाया फसल बीमा राशि किसानों को देने की मांग

- विधायक मनोज न्यांगली ने कृषि आयुक्तालय 'पंत भवन' जयपुर में कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी से मुलाकात की

**सादुलपुर**, (निसं)। गत माह स्वीकृत फसल सत्र रबी 2023 की फसल बीमा राशि को सादुलपुर क्षेत्र व चूरू के किसानों के खाते में यथाशीघ्र ट्रांसफर करवाने हेतु सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली ने कृषि आयुक्तालय 'पंत भवन' जयपुर में कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी से मुलाकात की।

करीब एक घंटे की विस्तृत चर्चा के दौरान उन्होंने उक्त संदर्भ में हो रही देरी के कारणों, राज्य सरकार द्वारा बजट अभाव में अपने हिस्से की अभी तक केवल 35 करोड राशि के बिल पास करने व शेष करीब तीन चौथाई राशि में हो रही देरी तथा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित हिस्सा राशि को ट्रांसफर करने में की जा रही अनावश्यक देरी सहित अन्य आंकडों पर बिंदुवार चर्चा की। साथ ही गलत पटवार मंडल अपलोड होने से केंद्र सरकार के स्तर पर कई वर्षों से पेंडिंग फाइल के संबंध में केंद्र सरकार को पुनः रिमाइंडर भिजवाने, फसली सत्र खरीफ 2021-22 व 2022-23 के मामले व आपतियों के निराकरण हेतु सितंबर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश स्तरीय समिति की मीटिंग आयोजित करने व लंबित पडे मामलों को सकारात्मक रूप से निस्तारित करवाने संबंधित बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

गौरतलब है कि निरंतर सजगता व निगरानी के द्वारा क्षेत्र व जिले के किसानों को स्वीकृत बीमा राशि अति शीघ्र खाते में ट्रांसफर करवाने बाबत सदन में भी विधायक न्याँगली मुखर नजर आए थे। कृषि आयुक्त ने विधायक न्याँगली को आश्वास्त किया है कि बीमा क्लेम के वर्षों से लंबित प्रकरणों में भी आगामी दिनों में सकारात्मक प्रगति नजर आएगी।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया

**सुजानगढ**, (निसं)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने निकटवर्ती गांव गुलेरिया में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत गुलेरिया से भौजलाई के चार किमी रास्ते पर निर्माणाधीन ग्रेवल सडक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर 89 श्रमिकों में से 42 श्रमिक उपस्थित मिले। मेट राजूराम व रूकमणी देवी द्वारा एनएमएमएस एप पर जितने श्रमिक उपस्थित थे, उनकी ही हाजरी अपलोड की गई मिली। सरपंच प्रतिनिधि करणी सिंह ने बताया कि कटाणी रास्ते को 24 फीट चौडा करवाया गया है। बारहमासी ग्रेवल निर्माण से गुलेरिया से भौजलाई के आमजन एवं किसानों को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गादेवी ढाका, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास, सहायक अभियंता जुगल किशोर जाटोलिया, कनिष्ठ तकनीकी सहायक विनोद कुमार, कनिष्ठ सहायक भंवरलाल मेघवाल उपस्थित रहे।

## पशुधन गणना-2024 हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

- 'पशु संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी पशुधन गणना'

**चूरू**, (कासं)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में 21वीं अखिल भारतीय पशुधन गणना 2024 हेतु आयोजित दो दिवसीय पर्यवेक्षक व प्रगणक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ।

प्रशिक्षण में शिरकत करते हुए चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि पशुधन गणना पशु संवर्धन व लुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी। पशुओं की गणना पशुपालकों को प्रोत्साहित करेगी और उनकी सुदृढ़ आजीविका में संबल प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि गणना और सर्वे सरकारों को योजनाएं बनाने में मदद करती हैं। उन्होंने पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान की आधुनिक जीवनशैली के चलते पशुधन संरक्षण अत्यधिक आवश्यक हो गया है। भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गांवों में निवास करती है। हमें अपनी व परंपरागत जीवन शैली को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए पशुधन संरक्षण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऑनलाइन पशुधन गणना की जा रही है। इसलिए पोर्टल पर फीड किए जाने वाले डाटा सही व पुष्ट हो। किसान वर्ग की आजीविका का सबसे महत्वपूर्ण व आधार बिन्दु पशुपालन है। कृषकों की आय पशुपालन पर टिकी है।

पशुधन गणना सही होने से सरकार पशुओं के संवर्धन व लुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण के लिए योजनाएं क्रियान्वित करती है। इन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों का अपेक्षित सहयोग लें। इस दौरान पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने अतिथियों का स्वागत किया तथा पशुधन गणना के जरूरी बिन्दुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। जिला नोडल अधिकारी डॉ निरंजन चिरानिया ने पशुगणना के महत्व व कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। डॉ चिरानिया ने बताया कि 21वीं अखिल भारतीय पशुधन गणना 2024 सितंबर 2024 से प्रारंभ होकर दिसंबर 2024 तक पूरी की जाएगी। यह पशुधन गणना 100 वीं पशुगणना है तथा पूरी तरह से ऑनलाइन है। डॉ चिरानिया व डॉ विश्वजीत सिंह एवं डॉ नीतू ढाका ने पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को पशुधन गणना हेतु आईडी जनरेशनए हाउसहोल्ड व स्ट्रे पशुधन गणना की प्रक्रियाए पोर्टल पर डाटा फीडिंग सहित आवश्यक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने शुक्रवार को प्रशिक्षण के शुभारंभ सत्र में कहा कि पशुधन गणना के पर्यवेक्षकों व गणकों को सक्रियता व स्पष्टता से पशुधन गणना के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ सीपी सिंह सहित अनेक पर्यवेक्षक व प्रगणक उपस्थित थे।

## खेलों से टीम भावना का विकास होता है : सत्यानी

- कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया

**चूरू**, (कासं)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि खेलों से आपसी मेलजोल व टीम भावना का विकास होता है। खेलों से ही व्यक्ति का सामाजिक, शारीरिक, नैतिक, मानसिक सहित सर्वांगीण विकास संभव है। जिला कलक्टर सत्यानी शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला खेल स्टेडियम में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित किए जा रहे खेल सप्ताह के समापन समारोह में संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि खेलों से व्यक्ति में सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम, भाईचारे के साथ सहयोग की भावना का विकास होता है। वर्तमान के मोबाइल व कम्प्यूटर युग में प्रचलित व पंरपरागत खेलों के प्रति बच्चों व युवाओं की रूचि कमजोर हुई है। सरकार की मंशा है कि आउटडोर खेलों में खिलाड़ियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ खिलाड़ियों को समुचित अवसर मिले और उनकी प्रतिभा निखरे। प्रदेश सरकार द्वारा इसी मंशा के साथ खिलाड़ियों में खेल भावना के समुचित विकास हेतु मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल सप्ताह का आयोजन किया गया है। कलक्टर सत्यानी ने मेजर ध्यानचंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ टेबल टेनिस प्रशिक्षक रमेश पूनिया, एपीआरओ मनीष कुमार, भारोत्तोलन प्रशिक्षक सीताराम प्रजापत, प्रभुदयाल बुरड़क मंचस्थ रहे। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने अतिथियों का स्वागत किया। कलक्टर ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम रहे आदविक जैन, द्वितीय रहे हिमांशु राठौड़, तृतीय रहे प्राजंल व सीनियर वर्ग में प्रथम रहे आदित्य भार्गव, द्वितीय रहे कुलदीप व तृतीय रहे हितेश कस्वां तथा खेलो इंडिया सेंटर के उत्कृष्ट खिलाड़ी गगनदीप राठौड़, अमन खान, रौनक, नविता सैनी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। खेलो इंडिया सेन्टर के प्रशिक्षक राहुल पीपलवा एवं अल्पकालीन टीटी प्रशिक्षक राजेश वर्मा ने निर्णायक भूमिका निभाई।

## अलग-अलग हादसों में दो युवक घायल

**सुजानगढ**, (निसं)। दो अलग-अलग हादसों में दो जने घायल हो गये, जिनमें से एक को गंभीरावस्था में रैफर किया गया।

जानकारी के अनुसार निकटवर्ती गांव देवाणी के पास मोटरसाइकिल से हुए सडक हादसे में श्रवण पुत्र तोलाराम मेघवाल निवासी सुरवास घायल हो गया। जिसे 1०8 एम्बूलेंस का चालक विक्रम चायल अस्पताल लेकर पंहूचा और इमरजेंसी में भर्ती करवा कर घायल श्रवण का उपचार शुरू करवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल श्रवण को गंभीरावस्था में रैफर कर दिया। छापर रोड पर गुलेरिया तिराहे के पास मोटरसाइकिल हादसे में हरिराम पुत्र मोटाराम जाट निवासी आबसर घायल हो गया। घायल को 1०8 एम्बूलैंस चालक विक्रम तथा टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार ने इमरजेंसी में भर्ती करवा कर ईलाज शुरू करवाया। डॉ. महेश महला, मनोज वर्मा ने घायल हरिराम का उपचार किया।

## अभिभाषक संघ का धरना जारी

- न्यायालय भवन की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**सादुलपुर**, (निसं)। न्यायालय भवन राजगढ की भूमि, पार्किंग भूमि एवं जोहड पायतन की भूमि पर झुग्गी आदि बनाकर अवैध अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमियों को बेदखल कर उक्त भूमि को संरक्षित करवाए जाने हेतु प्रशासन से अपनी मांग के चलते अभिभाषक संघ राजगढ जिला चूरु का 21 अगस्त से चल रहा स्वैच्छिक कार्य बहिष्कार 31 अगस्त को भी लगातार जारी रहा।

अभिभाषक संघ राजगढ के अध्यक्ष अशोक सिंह राठौड ने बताया कि अभिभाषक संघ राजगढ द्वारा अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन मुख्यमंत्री, पी.एल.पी.सी., विभिन्न मंत्रालयों, माननीय उच्च न्यायालय सहित राज्य सरकार के राजगढ पधारे नुमाइंदों को सौंपे गए। जिनके द्वारा सकारात्मक रुप से अभिभाषक संघ राजगढ की मांगों को जायज बताते हुए शीघ्र निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया गया है। अभिभाषक संघ राजगढ की मांगों के समर्थन में चूरु जिला की समस्त अभिभाषक संघों एवं बीकानेर संभाग के अभिभाषक संघों द्वारा ज्ञापन प्रशासन को दिए जाकर शीघ्र निस्तारण किए जाने की मांग की जा रही है तथा प्रशासन द्वारा ऐसा नहीं किए जाने की सूरत में सम्पूर्ण चूरु जिला व संभाग स्तर पर व्यापक रुप से आन्दोलन प्रस्तावित किया गया है। अभिभाषक संघ राजगढ की बैठक में उक्त अवैध अतिक्रमण के मामले में न्यायालय एवं अधिवक्ताओं के बाबत किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार या अभद्र अथवा भ्रामक पोस्ट आदि सोशल मीडिया पर किए जाने वाले सम्बंधितों के विरुद्ध कडी कानूनी कार्यवाही किए जाने का सामूहिक निर्णय लिया गया है।

## शहीद लखू सिंह राठौड़ की पुण्यतिथि मनाई

**चूरू**, (कासं.)। घांघू गांव में शनिवार को शहीद सैनिक हवलदार लखूसिंह राठौड़ की 35वीं पुण्यतिथि पर उनके स्मारक पर शहीद सैनिक हवलदार लखू सिंह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिवार घांघू व ग्रामवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

इस दौरान शहीद स्मारक पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में समाजसेवी परमेश्वर लाल दर्जी ने कहा कि हमें शहीदों और देश की सेना का सम्मान करना चाहिए। शहीदों की शहादत के बदौलत ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। प्रधानाचार्य जगदीश खेड़ीवाल ने बताया कि शहीद सैनिक हवलदार लखू सिंह बालिका राउमावि से शहीद के सम्मान में विद्यालय की बालिकाओं ने शहीद लखू सिंह राठौड़ के स्मारक तक तिरंगा रैली निकाली। बीरबल नोखवाल ने बताया कि शहीद हवलदार लखू सिंह राठौड़ भारतीय सेना की पैराशूट 10 रेजीमेंट के पैरा कमांडो हवलदार थे। भारत सरकार द्वारा श्रीलंका में भेजी गई शांति सेना में ऑपरेशन पवन में शामिल थे। 31 अगस्त 1989 को लिट्टे के उग्रवादियों ने पैदल शांति सेना के सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया। इस दौरान शहीद लखू सिंह बहादुरी के साथ उग्रवादियों से भिड़े और वहां के लोगों सहित शांति सेना के कमांडिंग ऑफिसर व सैनिकों की सुरक्षा करते हुए सीने में गोलियां झेलते हुए देश सेवा में शहीद हो गए।

**-निविदा सूचना-**

निविदा क्रमांक BBC/PM/04 बांधनी बंधेज (टाई एंड डाई) क्लस्टर चूरू के अंतर्गत प्लांट मशीनरी के टेर्नकी प्रोजेक्ट हेतु इच्छुक सप्लायर से दिनांक 31.08.2024 सांय 5 बजे तक निविदा आमंत्रित की गई थी,जिसकी दिनांक को आगे बढाकर 10.09.2024 सांय बजे निर्धारित निविदा प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है,विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर विजिट करें।

Https://ppdcagra.dcmsme.gov.in/Tender.html
Ashyana SansthanProject Director

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी**
**स्थान नेछवा, सीकर**
**रामलाल विरूद्ध उमाराम आदि**
**दावा बाबत :- उदघोषणा**
**वाद सं. : सन 202**
**बनाम**

**1.उमाराम पुत्र भोलूराम जाति जाट निवासी ग्राम घिरणीया छोटा तहसील नेछवा जिला-सीकर राज.**

वादी ने आपके विरूद्ध उदघोषणा के लिये वाद पंजीकृत किया है। आपका इस न्यायालय तारीख 24.09.2024 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से संबंधित जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में है या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा दाखिल/सुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे व शक्ति में हो, तो अपना प्रतिरक्षा या मुजाराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों का उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 29 माह 08 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**उपखण्ड अधिकारी, नेछवा (सीकर)**

## नकली कीटनाशक बेचने का आरोप

**सादुलपुर**, (निसं)। प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र सादुलपुर की ओर से नकली कीटनाशक बेचने का आरोप लगाकर राजस्थान किसान सभा के जिला महामंत्री ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

राजस्थान किसान सभा के जिला महामंत्री एवं ढाणी कुम्हारान निवासी कुरडाराम दमीवाल ने उपखंड अधिकारी राजगढ को ज्ञापन देकर बताया कि उसके खेत में इस बार मूंग, मोठ व चवला की फसल अच्छी है, लेकिन फसल में कीट का प्रकोप होने के कारण फसल की फलियां में कीट अनाज को खत्म कर रहा है।

उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को एक प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के केंद्र से दो लीटर कीटनाशक दवाई 11 सौ रुपए में खरीदी तथा अपने खेत में दवा का छिडकाव करके पांच घंटे बाद फसलों को देखा तो दवा का कीट पर कोई असर नहीं हुआ।

ज्ञापन में बताया कि जब दुकानदार को जानकारी दी तो बताया कि यह दवा तो मच्छर और मक्खी मारने वाली है। इससे लट नहीं मरती है।

तो उसने कहा कि उसे नकली दवा क्यों दी? जिस पर उचित जवाब देना तो दूर की बात दवा बदलने से भी इंकार कर दिया है।

# भाजपा का सदस्यता अभियान सर्व व्यापक और सर्वस्पर्शी होगा : सहारण

- चूरू शहर उत्तर व दक्षिण मण्डल के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित



चूरू में सदस्यता अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यशाला को विधायक हरलाल सहारण ने संबोधित किया।

**चूरू**, (कासं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर चूरू शहर उत्तर व दक्षिण मण्डल की सदस्यता अभियान के निमित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण से किया गया।

कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, सदस्यता अभियान जिला संयोजक अभिषेक चोटिया, उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्यता समन्वयक दौलत तंवर, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, नरेन्द्र कंवल, नगरपरिषद् नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, पूर्व जिला महामंत्री हेमसिंह शेखावत मचस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान सर्व व्यापक और सर्वस्पर्शी होगा क्योंकि इस अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी उन सभी लोगों को स्पर्श करने का प्रयास करेगी जिन लोगों का भाजपा की रीति-नीति में विश्वास हैं। इस अवसर पर सदस्यता अभियान जिला संयोजक अभिषेक चोटिया ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्य बनाकर एक 1 सितम्बर को करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस कार्यक्रम की लॉचिंग 2 या 3 सितम्बर को की जायेगी। कार्यक्रम में राजेश माटोलिया, सुनिल टकणेत, सुनील खटीक, राकेश औझा, निरंजन स्वामी, विकास बांठिया, आकाश सैनी, सुरेश मिश्रा, दुर्गादत्त चंदेल, मोहन गढ़वाल, भागीरथ पार्षद, मेघराज भार्गव, असलम डायर, जुगल कम्मा, कमल शर्मा, हिमाशूं वर्मा, रजत शर्मा, अजय तंवर, शोभा चौधरी, ओम इन्दोरिया, अतरसिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया

**पाटन**, (निसं)। बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने ग्राम नारदा पहुंचकर स्व. जमुना देवी की फोटो पर पुष्प चढ़ाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

चौधरी शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने के लिए ग्राम नारदा आए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौधरी के नारदा आगमन पर उनका माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कैलाश चौधरी के स्वागत समारोह के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बाबू लाल आगवाडी, भूप सिंह यादव, विकास यादव, विक्रम गुर्जर, बलराम यादव, मनीष कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे। कैलाश चौधरी आरएसएस के सक्रिय सदस्य है तथा स्वर्गीय श्रीमती जमुना देवी के पोत्र राजेश यादव जो भाजपा के नेता हैं वे भी आरएसएस के सक्रिय सदस्य हैं, इसी को लेकर चौधरी नारदा गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार का ढांढस बंधाया। चौधरी ने कहा होनी बलवान है, होनी को कोई टाल नहीं सकता। आपकी माताजी ने अच्छी उम्र पाई है, और पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है, हम उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं कि, भगवान उनको अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। प्रधानाचार्य बाबूलाल गुर्जर ने बताया की मेरी माता जी भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है।